>

Title: Regarding condition of NH-30 in Chhattisgarh-laid.

श्री मोहन मंडावी (कांकेर): छतीसगढ़ राज्य के लोकसभा कांकेर क्षेत्रांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 30 का ग्राम नन्दन मारा से ग्राम सिंगारभाटा तक मार्ग अत्यधिक खराब होने के कारण धूल उड़ने से पर्यावरण मे पोल्यूशन के बढ्ने से आम नागरिकों की स्वास्थ्य समस्या बढ़ रही है । आवागमन मे कठिनाइयों के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है । व्यापारीगण तथा शहरवासियों द्वारा मार्ग के नवीनीकरण कि मांग निरंतर की जा रही है । तथा अनेकों बार विरोध मे चक्का जाम आदि के माध्यम से प्रदर्शन भी किया जाता रहा है ।

पूर्व मे मार्ग का कार्य 2013-14 मे किया गया था । वर्ष 2016-17 मे मार्ग चौडीकरण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारी को स्वीकृति हेतु पत्र भेजा गया था ।2018-19 मे मुख्य अभियंता रायपुर को स्वीकृति हेतु पत्र भेजा गया । इनके माध्यम से भारत सरकार परिवहन मंत्रालय को पत्र क्रमांक 1500/w/CE/NH दिनांक 02.07.2018 भेजा गया किन्तु स्वीकृति नहीं मिलने के कारण मार्ग का चौड़ीकरण/ नवीनीकरण नहीं हो सका ।

कांकेर बायपास का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे पूर्ण होने मे दो वर्ष का समय लग सकता है । इसलिए राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. -30 का ग्राम नन्दन मारा से ग्राम सिंगारभाटा तक नवीनीकरण कराना अति आवश्यक है । अत: सरकार से मांग है कि उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु अतिशीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की महान कृपा करें ।